उत्तर प्रदेश शासन
ग्राम्य विकास अनुभाग–6
संख्या–888/अड़तीस–6–12–32एसजीएसवाई/2010
लखनऊः दिनांकः 20 सितम्बर,2012

कार्यालय–ज्ञाप

भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (N.R.L.M.) के कियान्वयन हेतु गठित "उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सोसाइटी" की गवर्निंग बाड़ी द्वारा लिए गये निर्णय के अनुक्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से पूरे प्रदेश को 5 चरणों में आच्छादित किया जाना है, जिसके प्रथम चरण हेतु उत्तर प्रदेश के 22 जनपदों के 88 विकास खण्डों को चयनित किया गया है (सूची संलग्न)। इन 22 जनपदों एवं इनके 88 विकास खण्डों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन इन्सेन्टिव अप्रोच के रूप में लागू किया जाना है। आजीविका मिशन के कियान्वयन हेतु राज्य मुख्यालय स्तर पर स्टेट मिशन मैनेजमेंट यूनिट, 05 जनपदों–देवरिया, बॉदा, चन्दौली, हरदोई एवं बिजनौर में डिस्ट्रिक्ट मिशन मैनेजमेंट यूनिट एवं इन जनपदों के विकास खण्ड क्रमशः गौरीबाजार, नरैनी, धानापुर, अहिरोरी एवं नजीबाबाद में ब्लाक मिशन मैनेजमेंट यूनिट के गठन हेतु निम्नानुसार आवश्यक 82 अस्थाई पदों के सृजन हेतु श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

1–मुख्यालय स्तरीय पद –

क्र.सं.	पदनाम	पदों की संख्या	अभ्युक्ति
1	चीफएक्जीक्यूटिव आफिसर (सी0ई0ओ0)	01	आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 (पदेन)
2	स्टेट मिशन निदेशक/अतिरिक्त सी.ई.ओ.	01	राज्य सरकार द्वारा नामित/नियुक्त अधिकारी जो भारतीय प्रशासनिक सेवा को हो तथा जिसे जिलाधिकारी पद पर कार्य करने का अनुभव हो।
3	अतिरिक्त मिशन निदेशक	01	पी.सी.एस./पी.डी.एस. सेवा के वेतनमान रू0 37400–67000,वेतन बैण्ड रू0 8700 का अधिकारी, जिसे सी.डी.ओ. पर पर कार्य करने का अनुभव हो।
4	संयुक्त मिशन निदेशक	03	पी.डी.एस. सेवा का जे.डी.सी./सी.डी.ओ. स्तर का अधिकारी।
5	मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी	01	वित्त एवं लेखा सेवा से प्रतिनियुक्ति पर वेतनमान रू0 15600 से 39100 तथा रू0 6600 ग्रेड पे का अधिकारी।
6	प्रोफेशनल्स Thematic Expert of social mobilisation,	06	अनुबन्ध पर (रू0 60000 से 70000 प्रतिमाह प्रति व्यक्ति) शैक्षिक योग्यता– MBA[HR/personal]/MSW,

	Micro finance and Financial Inclusion, Livelihood, Monitoring and Evaluation, Finance and Procurement, Human Resource		आरडी/पीजीआईडीएम में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा और सम्बन्धित क्षेत्र में 07 वर्ष का अनुभव।
7	आशुलिपिक	02	शासकीय विभागों से प्रतिनियुक्ति पर/सेवा प्रदाता के माध्यम से (सेवा प्रदाता की स्थिति में रू0 20000 प्रतिमाह) शैक्षिक योग्यता–इण्टर मीडिएट, हिन्दी आशुलेखन और हिन्दी/अंग्रेजी के कम्प्यूटर टंकण में दक्ष।
8	वरिष्ठ सहायक	02	शासकीय विभागों से प्रतिनियुक्ति पर/सेवा प्रदाता के माध्यम से (सेवा प्रदाता की स्थिति में रू0 20000 प्रतिमाह) शैक्षिक योग्यता–इण्टर मीडिएट, हिन्दी/अंग्रेजी के कम्प्यूटर टंकण में न्यूनतम गति 25 शब्द प्रति मिनट।
9	लेखाकार	01	शासकीय विभागों से प्रतिनियुक्ति पर/सेवा प्रदाता के माध्यम से।
10	डाटा इन्ट्री आपरेटर	03	शासकीय विभागों से प्रतिनियुक्ति पर/सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से (नियत वेतन रू0 15000 प्रतिमाह) शैक्षिक योग्यता–एक वर्ष का कम्प्यूटर डिप्लोमा, 'ओ' लेवल कोर्स तथा हिन्दी व अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाइपिंग ज्ञान तथा सम्बन्धित क्षेत्र में 03 वर्ष का अनुभव।
11	चतुर्थ श्रेणी स्टाफ	06	शासकीय विभागों से प्रतिनियुक्ति/सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से (नियत वेतन रू0 8000 प्रतिमाह) न्यूनतम शैक्षिक योग्यता–कक्षा 08 उत्तीर्ण।

2–जनपद स्तरीय पद –

क्र. सं.	पदनाम	पद प्रति जनपद	05 जनपदों हेतु कुल पद	अभ्युक्ति
1	प्रोफेशनल्स	02	10	अनुबन्ध पर (रू0 40000 से 50000

	Thematic Expert of social mobilisation, Micro finance and Financial Inclusion, Livelihood, Monitoring and Evaluation, Finance and Procurement, Human Resource			प्रतिमाह प्रति व्यक्ति) शैक्षिक योग्यता–MBA[HR/personal]/MSW, आरडी/पीजीआईडीएम में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा और सम्बन्धित क्षेत्र में 05 वर्ष का अनुभव। यद्यपि सन्दर्भित सभी प्रोफेशनल्स की आवश्यकता बाद में होगी किन्तु प्रारम्भ में केवल 02 ही प्रोफेशनल्स रखे जायेंगे।
2	डाटा इन्ट्री आपरेटर	01	05	शासकीय विभागों से प्रतिनियुक्ति पर/सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से (नियत वेतन रू0 15000 प्रतिमाह) शैक्षिक योग्यता–एक वर्ष का कम्प्यूटर डिप्लोमा, 'ओ' लेवल कोर्स तथा हिन्दी व अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाइपिंग ज्ञान तथा सम्बन्धित क्षेत्र में 03 वर्ष का अनुभव।

3–विकास खण्ड स्तरीय पद–

क्र. सं.	पदनाम	पद प्रति विकास खण्ड	05 विकास खण्डों हेतु कुल पद	अभ्युक्ति
1	प्रोफेशनल्स Thematic Expert of social mobilisation, Micro finance and Financial Inclusion, Livelihood, Monitoring and Evaluation, Finance and Procurement,	06	30	अनुबन्ध पर (रू0 20000 से 30000 प्रतिमाह प्रति व्यक्ति) शैक्षिक योग्यता–MBA[HR/personal]/MSW, आरडी/पीजीआईडीएम में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा और सम्बन्धित क्षेत्र में 03 वर्ष का अनुभव।

	Human Resource			
2	डाटाइन्ट्रीआपरेटर	02	10	शासकीय विभागों से प्रतिनियुक्ति पर/सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से (नियत वेतन रू0 15000 प्रतिमाह) शैक्षिक योग्यता–एक वर्ष का कम्प्यूटर डिप्लोमा, ओ लेवल कोर्स तथा हिन्दी व अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाइपिंग ज्ञान तथा सम्बन्धित क्षेत्र में 03 वर्ष का अनुभव।

2– उक्त पदों पर होने वाला व्यय भार स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना/राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत केन्द्रांश 75 प्रतिशत तथा राज्यांश 25 प्रतिशत के अधीन वहन किया जायेगा।

3– जिन पदों पर नियुक्ति सेवा प्रदाता के माध्यम से की जानी है, वहॉ नियुक्ति एक निश्चित अवधि (अधिकतम एक वर्ष) के लिए की जाएगी।

4– प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले पदों पर तैनाती प्रतिनियुक्ति के सामान्य नियमों के अन्तर्गत सामान्य शर्तो के तहत की जा सकती है।

5– प्रोफेशनल्स (Thematic Expert) के पदों को अनुबन्ध के आधार पर निम्न शर्तो के अधीन भरा जायेगाः–

(क)–पदों के लिए जो अर्हतायें निर्धारित की गई हैं उनमे कोई शिथिलीकरण नहीं प्रदान किया जायेगा।

(ख)–सभी पदों को भरने के लिए नियमानुसार विज्ञापन किया जाएगा और चयन की प्रकिया पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से निष्पादित की जायेगी।

(ग)–उच्च स्तरीय चयन समिति गठित कर इन्हें चयनित किया जायेगा और उन पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

(घ)–प्रथमतः अनुबन्ध की अवधि एक वर्ष के लिए होगी और एक वर्ष के अनुभव के आधार पर इस व्यवस्था पर यथास्थिति निर्णय लिया जायेगा।

(च)–अनुबन्ध–पत्र न्याय विभाग के परामर्श से तैयार किया जायेगा।

6– सी0ई0ओ0 को समस्त वित्तीय/प्रशासनिक अधिकार होंगे, जिसका आवश्यकतानुसार प्रतिनिधायन उनके द्वारा अतिरिक्त सी0ई0ओ0/मिशन निदेशक तथा जिले एवं ब्लाक के पदाधिकारी को किया जा सकेगा।

यह आदेश वित्त विभाग के अशा0प0संख्या–ई–2–661/दस–2012, दिनांक–20–09–2012 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

राजीव कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या–888 (1)/अड़तीस–6–2012–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

(1) सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली।
(2) कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
(3) आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0, लखनऊ।
(4) मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) अपर आयुक्त(लेखा), ग्राम्य विकास, जवाहर भवन, लखनऊ।
(6) मण्डलायुक्त–गोरखपुर, चित्रकूट धाम, वाराणसी मुरादाबाद एवं लखनऊ मण्डल।
(7) जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी, जनपद– देवरिया, बॉदा, चन्दौली, हरदोई एवं बिजनौर
(8) कोषाधिकारी, जनपद– देवरिया, बॉदा, चन्दौली, हरदोई एवं बिजनौर।
(9) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(10) वित्त(व्यय–नियंत्रण)अनुभाग–2/3/वित्त(आय–व्ययक) अनुभाग–1/2
(11) बजट प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
(12) गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(अवधेश नारायण)
उप सचिव।